# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश : कहा– जहां कमल खिलता है वहां सुशासन आता है।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से सक्रिय होने का किया आह्वान : कहा– किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की आवश्यकता नही है।
3. आगरा के एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में आज से एक अगस्त तक सेना भर्ती रैली का किया जा रहा आयोजन : 12 जिलों के युवा कर रहे हैं इसमें प्रतिभाग।
4. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी देवी और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंच कर किया दर्शन–पूजन।

और

5. प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 17 जिलों में राहत कार्य जारी : प्रमुख नदियों के जलस्तर में दर्ज की गई गिरावट।

———————

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक आज लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अम्बेडकर सभागार में हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी एवं पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ आज की नहीं, बल्कि भविष्य की भी पार्टी है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत की जनता ने **2024** में लगातार तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में हमको समर्थन दिया है ये भविष्य हमारे हाथों में है। इसे संभालकर चलना हमारी जिम्ममेदारी है। इस जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि देश में या राज्यों में जब कमल खिलता है तो सुशासन आता है, जबकि दूसरे लोग आते हैं तो व्यापारी पलायन करते हैं, बहू बेटियां सुरक्षित नहीं होती हैं और घोटाले पर घोटाले होते हैं।

बाइट....

*जब मैं उत्तर प्रदेश की चर्चा कर रहा हूं तो मैं कर रहा हूं कि इकोनॉमी में नम्बर दो पर आकर खड़ी हो रही है। इथनॉल में नम्बर एक पर खड़ी हो रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर में सबसे आगे आ कर के खड़ी हो रही है। कमल खिलता है तो सुशासन आता है और अगल दूसरे लोग आते हैं तो व्यापारी पलायन करते हैं। बहु, बेटियां सुरक्षित नहीं रहती हैं और घोटाले पर घोटाला होता है, इस तरीके से।*

कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए विपक्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा था।

2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं का चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल–कूद मचा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश को माफिया मुक्त किया है। नियम कानून के अंतर्गत आज लोग पर्व और त्योहार मना रहे हैं। अब कोई मनमानी नहीं कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आप को किसी भी स्थिति में बैकपुट पर आने की जरूरत नहीं है क्योंकि आपने कार्य किया है। जब आप विपक्ष में थे तब जनता के मुद्दों को लेकर लड़त थे। जब सरकार में हैं तो उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण देखने को मिल रहा हैं। बाइट....

*भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को किसी भी स्थिति में बेकपुट पर आने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि आपने कार्य किया है। आप विपक्ष में वे जनता के मुद्दों को लेकर के लड़ते थे आप सब सरकार में थे याद करिए उत्तर प्रदेश के सुरक्षा का ये वातावरण आप को आज देखने को मिल रहा होगा।*

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नव निर्वाचित सांसदों को उनके उज्जवल भविष्य और अच्छे कार्यकाल के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस और सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ने जनता को जाति और धर्म में फंसाकर गुमराह किया। अल्पसंख्यक लोगों को नये एजेंडे में फंसाकर उनका वोट लिया।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, अरुण सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, राष्ट्रीय मंत्री सुरेन्द्र नागर सहित प्रदेशभर से आए हुए भाजपा के पदाधिकारीगण, प्रदेश सरकार में मंत्रीगण, क्षेत्रीय पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, चेयरमैन, मंडल प्रमुख आदि मौजूद रहे।

———————————

आगरा के एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में आज से एक अगस्त तक सेना भर्ती रैली का अयोजन किया जा रहा है। आगरा का सेना भर्ती कार्यालय तीन चरणों में भर्ती रैली अयोजित कर रहा है। पहले चरण में अग्निवीर भर्ती रैली आगरा जोन के 12 जिलों आगरा, अलीगढ़, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मथुरा और मैनपुरी के युवाओं के लिए आयोजित की जा

रही है। दूसरे और तीसरे चरण में सैनिक तकनीकी, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा पदों के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के युवा शामिल होंगे। भर्ती रैली के दौरान लगभग 15 हजार अग्निवीर सैनिक, नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा उम्मीदवार कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरेंगे।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज सपत्निक मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। दोनों मंदिरों में विधिवत पूजा–अर्चना के बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड वासियों

की खुशहाली, सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सोरेन ने सात राज्यों के 13 विधानसभा सीटों के उपचुनाव परिणाम पर कहा कि यह जनता का निर्णय है। वाराणसी आगमन पर उन्होंने कहा कि काशी से उनका पुराना जुड़ाव रहा है और वह पहले भी काशी आते रहे हैं।

——————————

प्रदेश के सत्रह जिले इस समय बाढ़ से प्रभावित हैं। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ प्रभावित जिलों में पीलीभीत, लखीमपुर, श्रावस्ती, बलरामपुर, कुशीनगर, बस्ती, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोण्डा, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई और अयोध्या शामिल हैं। हालांकि बाढ़ प्रभावित इन जिलों में बहने वाली प्रमुख नदियों का जलस्तर अब धीरे–धीरे कम हो रहा है।

बलरामपुर जनपद में राप्ती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे आ गया हैं। बावजूद इसके जिले के तराई क्षेत्र के कई गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिला प्रशासन की टीमं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध करा रही है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने उतरौला एवं रेहरा बाजार में वहीं सदर विधायक द्वारा कई गांवों में राहत सामग्री का वितरण किया गया।

उधर, संतकबीर नगर में घाघरा, राप्ती, कुआनो नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हालांकि अभी यह खतरे के निशान से नीचे है। जिले में बाढ़ से प्रभावित खतरों से बचाव के लिए जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर निगरानी बनाये हुए है।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बाढ़ से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं का आज निरीक्षण किया। वहीं लखीमपुर खीरी में बाढ़ के कारण सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*समय से पहले हुई जबरदस्त वर्षा के कारण खीरी जनपद की पांच तहसीलें लखीमपुर, धौरहरा, पलिया, निघासन गोला बाढ़ और कटान से सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आ रही है। शारदा घाघरा मोहाना तथा नेपाल से आई नदी सुहेली सहित जनपद की सभी नदियों की बाढ़ ने सैकड़ो गांव और फसलों को अपनी चपेट में ले रखा है। वर्तमान में सभी नदियों का जलस्तर तो लगातार घट रहा है किंतु अब प्रशासन के सामने कटान तथा आम नागरिकों की जिंदगी को जल्द से जल्द पटरी पर लाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखीमपुर आकर दिए गए निर्देशों का असर भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। खुद मंडला आयुक्त रोशन जैकब ,जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल बाढ़ व कटान क्षेत्रों में लगातार जाकर राहत सामग्री का वितरण, स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली, टूटे रास्तों की जल्द से जल्द मरम्मत, बिजली व्यवस्था तथा आवश्यक वस्तुओं की जल्द से जल्द पूर्ति सुनिश्चित कराने का प्रयास करती नजर आ रही है। श्याम जी अग्निहोत्री आकाशवाणी समाचार लखीमपुर खीरी।*

———————————

भारत गणराज्य की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हमारा संविधान हमारा सम्मान का दूसरा क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रयागराज

में 16 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। प्रयागराज के इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूण भंसाली तथा इलाहाबाद बार के अधिवक्ताओं सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

——————————

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में शामिल संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार आवेदन आमंत्रित किये हैं। सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय ने कहा है कि पुरस्कार का उद्देश्य दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले संगठनों को सशक्त बनाना और प्रोत्साहित करना है। इसके लिए इस महीने की 31 तारीख तक आवेदन भरे जा सकेंगे।

——————————